07.10.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10 PM

शाम के समाचार

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार...

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की ।
- सीहोर जिले के भैरूंदा में कल होगा ग्राम विकास सम्मेलन, मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री भी होंगे शामिल।
- पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघिन ने दिया 4 शावकों को जन्म, 90 के पार हुई बाघों की संख्या।
- प्रदेश से अगले एक दो दिन में हो जाएगी मानसून की वापसी ।

अमित शाह-एलडब्ल्यूई बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सरकार के बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म किया जा रहा है। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद-एलडब्ल्यूई प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सहित आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। गृह मंत्री ने कहा कि नक्सली हिंसा की घटनाएं 16 हजार से घटकर लगभग 7 हजार सात सौ हो गई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले साल तक यह संख्या और कम हो जाएगी. उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े सभी युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की अपील की है।

ग्राम विकास सम्मेलन

सीहोर जिले के भैरूंदा में कल ग्राम विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ,केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश

पासवान समेत प्रदेश के मंत्री शामिल होगें। मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री रोड शो में शामिल होंगे।
कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के मोबाइल ऐप आवास सखी तथा ग्राम सड़क सर्वे एवं प्लानिंग ऐप का शुभारंभ होगा । स्वयं सहायता समूह के लिए मध्यप्रदेश में 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश सहित कई विकास योजनाओं का लोकार्पण और भूमि पूजन होगा ।

<u>शिवराज-किसान बैठक</u>

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार देश में कृषि प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। नई दिल्ली में आज किसानों और किसान संगठनों के साथ बैठक के बाद श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कृषि विकास योजना और फसल बीमा योजना जैसे कई फैसले लिए हैं। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।
भारतीय किसान यूनियन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतीश लंबरदार ने आकाशवाणी को बताया कि श्री चौहान ने किसानों की सभी बातें सुनी और उनका समाधान निकालने का आश्वासन भी दिया।

<u>राशन आपके द्वार</u>

खादय एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज गुना में बताया कि राशन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। कई जगहों पर विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में राशन घर-घर पहुंचा जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में राशन आपके द्वार के लिए भी कार्य योजना बनाई जा रही है। इसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा और फिर पूरे प्रदेश में विस्तार किया जा रहा है.

<u>सिंधिया शिवपुरी</u>

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी जिले के हातौद ग्राम में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्मित सहरिया आदिवासियों के लिए बनाई गई नवनिर्मित कॉलोनी का लोकार्पण किया. इस अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि सरकार की मंशा है कि देश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के हर ग्रामीण, कृषक भाइयों के हाथों को मजबूत किया जाए। हातौद में बनाई गई यह जनमन कॉलोनी पूरे देश में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत बनने वाले पहली कॉलोनियों में से एक है।

प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा. आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी इस योजना में शामिल किया गया है। जिले के एक हितग्राही संजू प्रसाद बैगा ने बताया कि उन्हें तमाम सुविधाएँ मिल रहीं हैं।

पन्ना बाघ

पन्ना टाइगर रिजर्व से आज खुशखबरी सामने आई है. यहाँ बाघिन पी-141 ने 4 शावकों को जन्म दिया हैं. जिससे पार्क प्रबंधन मे खुशी का माहौल है. पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि शावकों को जन्म देने के बाद बघिन आज सैलानियों को नजर आई है. इसकी सुरक्षा के लिए पार्क प्रबंधन नजर बनाये हुए हैं. उन्होंने बताया कि अब यहाँ बाघों की संख्या 90 के पार हो गयी हैं.

मौसम

प्रदेश से मानसून की वापसी अगले एक दो दिन में हो जाने की सम्भावना है। बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हुआ निम्न दाब क्षेत्र कमजोर हो जाने के कारण ऐसा हो रहा है। इसकी वजह से जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी और बादल की स्थिति है। इस बार दशहरे के आसपास बारिश होने की सम्भावना नहीं है. मौसम विभाग के अनुसार 20 अक्टूबर तक प्रदेश में ठंडक बढ़ने का अनुमान है। रात में पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है। हालांकि दिन में तापमान 33-34 डिग्री के बीच ही रहेगा।

विश्व पर्यावास दिवस

विश्व पर्यावास दिवस आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। यह दिन याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति साफ-सुथरे और सुरक्षित स्थान पर रहने का हकदार है। इस वर्ष का विषय है-बेहतर शहरी भविष्य बनाने के लिए युवाओं को शामिल करना”।

समाचार संक्षेप में...

1. बैतूल में पुलिस ने अनियमितता मिलने पर एक पटाखा फैक्ट्री के पांच गोदामों को सील कर दिया है।

2. नीमच में संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के अवसर पर कल भादवामाता में एक दिवसीय शक्ति पर्व आयोजित किया गया।

3. शहडोल जिले के कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार, धनपुरी और अमलाई में पुलिस ने सूदखोरों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। 3 दिवसीय इस अभियान में पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उसका निराकरण किया जाएगा।

4. देवास के सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में सृजन कार्यक्रम मनाया गया। सृजन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना है।

5. झाबुआ के पीएम श्री शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति हेतु जागरूकता रैली निकाली गई ।

6. अशोकनगर में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा 14 अक्टूबर को एक दिवसीय 'प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला' का आयोजन किया जाएगा ।

7. खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह मनाया गया.

8. रायसेन में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन के उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन किए जा रहे हैं। किसान 20 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। और

9. कटनी जिले के ग्राम कैलवारा कला में आज कार की टक्कर से बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीन सदस्यों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।